कार्यालय उप निदेशक, सूचना, झांसी मण्डल, झांसी

पत्र संख्याः /उनिसू/प्रेस–निरीक्षा/20 – . दिनांक :

समाचार पत्र का नाम दैनिक जन जन जागरण झाँसी (उ0 प्र0) दिनांकः 14 NOV 2014

बाल स्वच्छता मिशन का आगाज आज से

नगर संवाददाता, झांसी

- विकास खंड स्तर पर टीमें जांचेंगी बच्चों का स्वास्थ्य
- स्वच्छता के प्रति किया जायेगा जागरूक

देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरु के जन्मदिवस 14 नवम्बर से बाल स्वच्छता मिशन की शुरुआत की जायेगी। बाल स्वच्छता मिशन के अंतर्गत जिले के सभी विकास खंड स्तर पर चिकित्सक स्कूलों में जायेंगे तथा बच्चों को स्वच्छता तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करेंगे। चिकित्सक बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण भी करेंगे।

प्रत्येक विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों को स्वच्छ भारत - स्वस्थ्य भारत की जानकारी दी जायेगी। बच्चों को सफाई से रहने, शौच जाने के बाद तथा खाना खाने से पहले साबुन से हाथ धोने के लिये प्रेरित किया जायेगा। बच्चों को जानकारी दी जायेगी कि साफ-सफाई से रहने तथा अपने विद्यालय एवं घरों के आसपास कूड़ा-करकट आदि जमा नहीं है। घर के पास बेकार पानी भरा रहने, झाड़ियां खड़ी होने से मच्छर व रोग फैलाने वाले कीटाणु तथा वाइरस सक्रिय रहते हैं। अभिभावकों की आय का बढ़ा हिस्सा बच्चों के इलाज पर खर्च होता है। उल्टी, दस्त, पेटदर्द तथा बुखार बच्चों के लिये आम समस्या है। ग्रामीण क्षेत्रों में समुचित चिकित्सा सुविधा न होने तथा यातायात के साधन नहीं होने से रोग और गंभीर हो जाता है, जिससे बच्चों का जीवन संकट में पड़ जाता है। भारत सरकार ने 2 अक्टूबर को गांधी जयंती से स्वच्छता अभियान की शुरूआत की थी। 14 नवम्बर को नेहरु जी का जन्मदिवस है। नेहरु जी बच्चों से बेहद प्यार करते थे। यही कारण है कि बच्चे नेहरु जी को 'चाचा नेहरु' कहकर पुकारते हैं। भारत सरकार ने स्वच्छता के प्रति बच्चों को जागरूक करने के साथ ही उसे दिनचर्या का अंग बनाने के उद्देश्य से 14 नवम्बर से बात स्वच्छता मिशन की शुरुआत की है।

भारती सरकार के पत्र के अनुपालन में राज्य परियोजना निदेशक कुमुदलता श्रीवास्तव ने प्रदेश के सभी जिलों के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिये हैं। वहीं, जिले में चिकित्सकों की टीमें भी गठित कर दी गई हैं। ये टीमें स्कूलों में जाकर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्ष करेंगी। राज्य परियोजना निदेशक ने 30 नवम्बर तक इसकी विस्तृत रिपोर्ट भी मांगी है।

जिलाधिकारी (महोदय) के अवलोकनार्थ

जिला सूचना अधिकारी
झाँसी

जिलाधिकारी
झाँसी।

कार्यालय उप निदेशक,सूचना, झांसी मण्डल,झांसी

पत्र संख्याः /उनिसू/प्रेस–निरीक्षा/20 – दिनांक :

समाचार पत्र का नाम......दैनिक अमर उजाला झाँसी (उ0 प्र0) दिनांकः 14 NOV 2014

बच्चों में जगाएंगे स्वच्छता की अलख

अमर उजाला ब्यूरो

झांसी। स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में बाल दिवस पर 'बाल स्वच्छता मिशन' की शुरुआत होने जा रही है। इसके लिए नगर तथा ब्लाकों में टीमों का गठन कर दिया गया है, जो बच्चों के बीच जाकर उनमें स्वच्छता की अलख जगाएंगी।

केंद्र सरकार के 'स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत' मिशन की तर्ज पर प्रदेश सरकार भी बच्चों में स्वच्छता की अलख जगाने के लिए शुक्रवार से 'बाल स्वच्छता मिशन' शुरू करने जा रही है। बाल दिवस से शुरू होने वाला यह अभियान 20 नवंबर तक चलाया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विनोद कुमार यादव ने बताया कि मिशन के अंतर्गत गठित टीमें स्कूली तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में जाकर

बाल स्वच्छता मिशन

- आज से 20 नवंबर तक चलेगा कार्यक्रम
- बच्चों को बताया जाएगा हाथ धोने के तरीके

बच्चों को हाथ धोने के तरीके बताने के साथ-साथ स्वच्छता रखने को प्रेरित करेंगी। इसके साथ ही 01 से 19 वर्ष तक के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर देखा जाएगा कि कहीं वे कुपोषण, खून की कमी, खांसी, जुकाम, बुखार आदि से पीड़ित तो नहीं हैं। वहीं, उनमें कोई जन्मजात बीमारी तो नहीं हैं। उन्होंने बताया कि नगर समेत आठों ब्लाकों में यह अभियान चलाया जाएगा और इसके लिए तीन सदस्यीय दो-दो टीमों का गठन कर दिया गया है। प्रत्येक टीम में डॉक्टर, फॉर्मासिस्ट के साथ-साथ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी रहेंगे। प्रत्येक टीम को दो स्कूल, एक आंगनबाड़ी केंद्र अथवा एक स्कूल, दो आंगनबाड़ी केंद्र का लक्ष्य दिया गया है। गौरतलब है कि ग्रामीण इलाकों में पढ़ने वाले बच्चे साफ-सफाई को लेकर पूरी तरह लापरवाह रहते हैं और इसी कारण बीमारियां उन्हें घेर लेतीं हैं। स्वच्छता अभियान से बच्चों में साफ- सफाई को लेकर जागरूकता उत्पन्न होगी।

जिलाधिकारी (महोदय) के अवलोकनार्थ

जिला सूचना अधिकारी
झाँसी

जिलाधिकारी
झाँसी।